सभी जातियों के लिए | निर्देश को ध्यानपूर्वक पूरा अवश्य पढें | मूल्य–50–रू. | अन्तिम तिथि :–05.05.2023

AGNIVEERVAYU (SPORTS) INTAKE 01/2023

एयरफोर्स

भारतीय वायुसेना द्वारा अग्निपथ स्कीम के अन्तर्गत अग्निवीरवायु (खिलाड़ी) भर्ती

अग्निवीरवायु (एयरमैन) की भर्ती

योग्यता–बारहवीं पास | **केवल पुरूष** | **E-mail** | **आवेदन शुल्क कुछ नही**

भारतीय वायुसेना द्वारा अग्निपथ स्कीम के अन्तर्गत अग्निवीर वायु के पदों पर भर्ती के लिये भारतीय नागरिकों से खेल कोटा में आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं । इन पदों पर भर्ती के लिये आवश्यक योग्यता व शर्ते निम्नवत हैं :–

शैक्षणिक योग्यता : शैक्षिक योग्यता निम्नवत होगी –

गैर विज्ञान विषय – किसी भी विषय से कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंकों सहित बारहवीं पास तथा अंग्रेजी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंक हो ।

विज्ञान विषय – अंग्रेजी, भौतिक व गणित विषय सहित कम से कम 50 प्रतिशत अंकों से बारहवीं पास तथा अंग्रेजी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंक हो अथवा मैकेनिकल या इलैक्ट्रीकल या इलैक्ट्रोनिक्स या आटोमोबाइल या कम्प्यूटर विज्ञान या इंस्ट्रूमेंटेशन या सूचना प्रौद्योगिकी में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों सहित पोलीटेक्निक डिप्लोमा तथा अंग्रेजी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंक

(**नोट:** यदि डिप्लोमा में अंग्रेजी विषय न हो तो आवेदक के दसवीं अथवा बारहवीं में अंग्रेजी में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिय)

आयु सीमा – आवेदक का जन्म 27 जून 2002 को अथवा उसके बाद तथा 27 दिसम्बर 2005 को अथवा उससे पहले हुआ हो ।

आवेदन शुल्क – नि:शुल्क भर्ती ।

वैवाहिक स्तर– केवल अविवाहित भारतीय पुरुष ।

शारीरिक स्तर – आवेदक का कद कम से कम 152.5 सेमी, सीना कम से कम 5 सेमी फुलाव वाला तथा वजन उम्र व कद के अनुपातिक हो । इसके आलावा आवेदक आंख, दांत, कान सम्बन्धित या अन्य किसी बीमारी से ग्रसित न हो ।

आवेदन भेजने का पता: भर्ती के लिये इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन पत्र 05.05.2023 (सायं 5.00 बजे तक) या उससे पहले ई–मेल माध्यम से भेजना होगा । आवेदन पत्र पूर्ण रुप से भरकर अन्तिम तिथि तक निम्न पते पर ई–मेल करें– bluesports.rec@iaf.nic.in अपने भरे हुए आवेदन पत्र तथा सभी दस्तावेजों को स्कैन करके single PDF बनाकर अपने ई–मेल द्वारा उपरोक्त ई–मेल के पते पर भेजें ।

आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज:

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की प्रतियां स्कैन करके भेजी जाएं।

क) शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट)

ख) जन्म तिथि हेतु दसवीं या अन्य शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र ।

ग) जाति प्रमाण पत्र (यदि आरक्षित वर्ग से सम्बन्धित हैं)

घ) आधार कार्ड तथा खेल प्रमाण पत्र की प्रति ।

च) सेवारत या सेवानिवृत वायुसेना अधिकारी /एयरमैन/अन्य के पुत्र होने पर सम्बन्धित प्रमाण पत्र ।

अन्य सामान्य शर्तें व निर्देश (ध्यान देवें) :

1. आवेदन ई–मेल करते समय Subject esa AGNIVEERVAYU [SPORTS] INTAKE 01/2023(SPORTS NAME)...., अवश्य लिखें।
2. आवेदन में किसी प्रकार की कोई कटिंग या ओवर – राईटिंग न करें तथा आवेदन के सभी कालम स्वयं की हस्तलिपि में कैपिटल लैटर्स में ही भरें।
3. आवेदन केवल single PDF में ही स्वयं के ई–मेल द्वारा भेजे ।
4. इस निर्देश को अपने पास रखें, आवेदन के साथ ई–मेल न करें।
5. उपरोक्त पदों पर भर्ती के लिये ट्रायल 17 मई से 25 मई तक होगा।
6. फोटो खिचवाते समय आवेदक सीने पर काली स्लेट का प्रयोग करें। स्लेट पर चाक द्वारा आवेदक का नाम तथा फोटो खिचवाने की तिथि अंग्रेजी के बडे अक्षरों में लिखा जाए। फोटो रंगीन हो तथा फोटो का बैकग्राउण्ड हल्के रंग का या सफेद हो। एक फोटो आवेदन पत्र पर चिपकायें तथा 10 फोटोग्राफ ट्रायल के समय साथ लेकर आयें।
7. आवेदक एथलिट, बास्केटबाल, साइक्लिंग, साइकिल पोलो, क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, हैण्डबाल, कबड्डी, स्क्वश, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, वालीवाल या वाटरपोलो में से किसी भी खेल का खिलाडी हो । खेल स्तर व अन्य सभी विवरण के लिये

विभागीय विज्ञापन का अवलोकन करे व उसी आधार पर आवेदन करें किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिये प्रकाशक या विक्रेता जिम्मेवार नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिये https://agnipathvayu.cdac.in देखा जा सकता है । यह जानकारी केवल बेरोजगार आवेदकों के सूचनार्थ प्रकाशित है ।

Offline Form-PDF

के लिए हम से सम्पर्क करें

Join now

8279396027

रोजगार सूचनाओं के लिए गुगल पर 'www.rojgarexpress.co.in' सर्च करें

सभी सरकारी ऑफलाइन आवेदन पत्र इस वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं

https://rojgarexpress.co.in